Title: Need to extend Delhi-Mathura EMU Train upto Deeg and also provide stoppage of Train Nos.1298/12988 at Nadbai Railway Station in Rajasthan - laid

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि ई. एम. यू. ट्रेन जो दिल्ली से मथुरा तक चलती है, उसको डीग तक चलाने हेतु क्षेत्रवासी नियमित रूप से मांग कर रहे हैं । डीग एक धार्मिक नगरी भी है । डीग - दिल्ली के बीच हजारों लोग रोज यात्रा करते हैं और यहां से दिल्ली के लिए कोई सीधी ट्रेन भी नही है । इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से विशेष निवेदन है कि जो ई. एम. यू. ट्रेन दिल्ली से मथुरा तक चलाई जा रही है उसको बढ़ाकर मेरे लोकसभा क्षेत्र भरतपुर की डीग तहसील तक चलाए जाने की कृपा करें ताकि क्षेत्र वासियों की एक महत्वपूर्ण मांग पूरी हो । साथ ही मेरे लोकसभा क्षेत्र में नदबई एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसको मिनी कोटा के नाम से भी जानने लग गए हैं । यहां हजारों विद्यार्थी रोज शिक्षा के लिए आते जाते हैं । ये शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है । ट्रेन संख्या 12987 और 12988 नदबई से गुजरती है लेकिन इसका स्टॉपेज नही है । इसलिए ट्रेन संख्या 12987 और 12988 (आगरा-अजमेर सुपरफास्ट) का स्टॉपेज नदबई स्टेशन पर किया जाए । ताकि क्षेत्रवासियों को इस सुविधा का लाभ मिल सके ।